# *Delhi Public School, Howrah*

## FINAL EXAMINATION (2024-2025)

## CLASS VII

***Care must be taken not to write anything on the question paper. All the questions must be attempted in the correct sequence.***

**SUBJECT: HINDI 2ND LANGUAGE**

**अवधि - 3 घंटा** **कुल अंक - 80**

**सामान्य निर्देश -:**

1. **इस प्रश्नपत्र में 4 खंड हैं - खंड-क, खंड-ख, खंड-ग, खंड-घ।**
2. **दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**
3. **लेखन कार्य में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखिए।**

**(खंड-क, अपठित गद्यांश/पद्यांश)**

**प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 1x5=5**

बाल मजदूरी बच्चों से लिया जाने वाला वह काम है जो जबरन बच्चों से उनके मालिकों द्वारा करवाया जाता है। यह एक दबावपूर्ण व्यवहार है जो मालिकों द्वारा किया जाता है। बचपन पर सभी बच्चों का जन्म सिद्ध अधिकार है जो माता-पिता के प्यार और देख-रेख में उन्हें मिलना चाहिए पर, यह गैरकानूनी कृत्य बच्चों को बड़ों की तरह जीने पर मजबूर करता है। इसके कारण बच्चों के जीवन में अनेक प्रकार की कमियाँ रह जाती हैं। बाल मजदूरी करने वाले बच्चों की न तो उचित शारीरिक वृद्धि हो पाती है और न ही मस्तिष्क का समुचित विकास हो पाता है। इसकी वजह से बच्चों के बचपन के सुनहरे सपने बिखर जाते हैं और उनका भविष्य अंधकारमय हो जाता है। जिस उम्र में उन्हें माता-पिता का प्यार मिलना चाहिए था, उन्हें स्कूल जाने का अवसर मिलना चाहिए था, अन्य बच्चों की तरह खेल-कूद के अवसर मिलने चाहिए थे उन सबसे ये बच्चे वंचित रह जाते हैं। बाल मजदूरी को पूरी तरह से रोकने के लिए जरूरी है कि बाल मजदूरी कराने वाले लोगों पर सरकार कड़ी कारवाई करे और उन बच्चों को भी जीने का अवसर प्रदान करें।

**(क) बाल मजदूरी से क्या तात्पर्य है?**

**(ख) बाल मजदूरी से बच्चों का क्या नुकसान होता है?**

**(ग) बाल मजदूरी करने वाले बच्चे किन-किन कार्यों से वंचित रह जाते हैं?**

**(घ) बाल मजदूरी को पूरी तरह से रोकने के लिए क्या जरूरी है?**

**(ङ) 'माता-पिता'** शब्द का **समास-विग्रह** करते हुए उसके **भेद का नाम** लिखिए।

**प्रश्न 2. निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-** **1x5=5**

"धूप की तपन खुद सहने
छाँव सबको देने का प्रण
पेड़ों ने लिया,
धूप ने बदले में
फूलों को रंगीन
पेड़ों को हरा-भरा कर दिया।
हज़ारों मील चलकर
गई थीं जो नदियाँ
और मीठा पानी खारा समंदर को दिया
बदल गया इतना मन समंदर का
रख लिया खारापन अपने पास
और बादलों के हाथ
मीठे जल का तोहफ़ा भेजा
नदियों को फिर जिसने भर दिया।"

**(क) पेड़ों ने क्या प्रतिज्ञा ली-**

(**i**) सबको फल देने की

**(ii)** हरा-भरा रहने की

**(iii)** धूप की तपन खुद सहने की

**(iv)** पक्षियों को आश्रय देने की

**(ख) बदले में धूप पेड़ों को क्या देती है-**

(**i**) शीतल छाया

(**ii**) फूलों की रंगत और हरियाली

(**iii**) शाखाओं की मज़बूती

(**iv**) मीठे फल

(**ग**) **नदियाँ हज़ारों मील किसलिए चलती हैं-**

(**i**) खेतों को सींचने के लिए

(**ii**) रेगीस्तान को हरा-भरा करने के लिए

(**iii**) समुद्र को अपना मीठा जल देने के लिए

**(iv)** लोगों की प्यास बुझाने के लिए

**(घ) समुद्र ने बादल के हाथ नदियों के लिए क्या भेजा-**

(**i**) मीठे जल का तोहफ़ा

(**ii**) मोतियों का उपहार

**(iii)** अपना खारा पानी

**(iv)** शीतल हवाओं का झोंका

(**ङ) इस कविता का संदेश है-**

(**i**) त्याग और निस्वार्थ का

(**ii**) प्रकृति का संतुलन और परोपकार का

(**iii**) सहयोग और समर्पण का

(**iv**) उपरोक्त सभी

**(खंड-ख, व्याकरण)**

**प्रश्न 3. निर्देशानुसार <u>वाक्य (रचना के आधार)</u> पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

I. **सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए।** **1x3=3**

| सूची **I** | सूची **II** |
|---|---|
| **A** वह कौन थी जिसने मेरी बात नहीं सुनी। | **1** मिश्र वाक्य |
| **B** दादाजी लंदन चले गए। | **2** सरल वाक्य |
| **C** कल माता जी घर आएँगी और दीदी पुस्तक लाएँगी। | **3** संयुक्त वाक्य |

कूट

| | **A** | **B** | **C** | | **A** | **B** | **C** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | 2 | 3 | 1 | (ख) | 3 | 1 | 2 |
| (ग) | 3 | 2 | 1 | (घ) | 1 | 2 | 3 |

**II. निम्नलिखित वाक्यों में <u>संयुक्त वाक्य</u> पहचान कर नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक सही विकल्प चुनिए-**

1. सुषमा बीमार है इसलिए आज स्कूल नहीं गई।
2. आलसी होने के कारण वह असफल हुआ।
3. तुमने भोजन किया और पढ़ने बैठ गए।
4. तुम महान हो क्योंकि तुम सच बोलते हो।

(क) केवल 1 सही

(ख) केवल 2 सही

(ग) केवल 3 सही

(घ) 1, 3 और 4 सही

**III. निम्नलिखित दो सरल वाक्य को एक सरल वाक्य बनाइए।**

1. छात्रों ने परिश्रम किया।

2. वह सफल हो गए।

(क) छात्र ने परिश्रम किया और वह सफल हो गए।

(ख) छात्र परिश्रम करके सफल हो गए।

(ग) छात्रों ने परिश्रम किया, इसलिए सफल हो गए।

(घ) जैसे ही छात्रों ने परिश्रम किया कि वह सफल हो गए।

**प्रश्न 4. निर्देशानुसार वाच्य पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 1x3=3**

(क) "बच्चों के द्‌वारा शोर मचाया जाएगा।" प्रस्तुत वाक्य को **कर्तृवाच्य** में बदलिए-

(ख) "आइए चला जाए।" वाक्य में **वाच्य भेद** बताइए-

(ग) "सरला बहुत मधुर गीत गाती है।" प्रस्तुत वाक्य को **कर्मवाच्य** में बदलिए-

**प्रश्न 5. निर्देशानुसार वाक्य (अर्थ के आधार) पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 1x3=3**

(क) "विराट कोहली को मैच में नहीं खिलाया गया।" प्रस्तुत वाक्य को **विस्मयादिबोधक** वाक्य में बदलिए-

(ख) "यदि तुम वर्षा में न भींगते, तो बीमार न पड़ते।" वाक्य में **वाक्य भेद** बताइए-

(ग) "लड़की पढ़ रही है।" **प्रस्तुत वाक्य को संदेहवाचक में बदलिए-**

**प्रश्न 6. संधि विच्छेद कीजिए तथा स्वर संधि के भेदों के नाम लिखिए। 1x2=2**

(क) परीक्षाभ्यास-

(ख) अत्यधिक-

**प्रश्न 7. निम्नलिखित समस्तपदों का विग्रह कर समास के भेदों का नाम लिखिए। 1x3=3**

(क) यथासमय -

(ख) पीतांबर-

(ग) सप्ताह-

**प्रश्न 8. निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों की पहचान कर उनके अर्थ लिखिए। 1x4=4**

(क) बात का धनी होना

(ख) तेते पाँव पसारिए जेती लाँबी सौर

(ग) सिर से पानी गुजरना

(घ) हाथ कंगन को आरसी क्या -

**प्रश्न 9. निम्नलिखित उपसर्गों द्वारा एक-एक शब्द बनाइए-** **1x1=1**

(क) (I) अधि- (II) दुर्-

**प्रश्न 10. निम्नलिखित शब्दों से प्रत्यय अलग कीजिए-** **1x1=1**

(क) (I) थकावट- (II) ममेरा-

**(खंड-ग, पाठ्यपुस्तक)**

**प्रश्न 11. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **1x5=5**

"जगदीशपुर के जगलों में 'बसुरिया बाबा' नाम के एक सिद्ध संत रहते थे। उन्होंने ही कुँवर सिंह में देशभक्ति एवं स्वाधीनता की भावना उत्पन्न की थी। उन्होंने बनारस, मथुरा, कानपुर, लखनऊ आदि स्थानों पर जाकर विद्रोह की सक्रिय योजनाएँ बनाई। वे 1845 से 1846 तक काफी सक्रिय रहे और गुप्त ढंग से ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ विद्रोह की योजना बनाते रहे। उन्होंने बिहार के प्रसिद्ध सोनपुर मेले को अपनी गुप्त बैठकों की योजना के लिए चुना। सोनपुर के मेले को एशिया का सबसे बड़ा पशु मेला माना जाता है। यह मेला कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लगता है। यह हाथियों के क्रय-विक्रय के लिए भी विख्यात है। इसी ऐतिहासिक मेले में उन दिनों स्वाधीनता के लिए लोग एकत्र होकर क्रांति के बारे में योजना बनाते थे।"

**सोपान -I बहुविकल्पीय प्रश्न**

**(क) कुँवर सिंह में देशभक्ति की भावना किसने जागृत की?**

(I) उनके मित्र ने (II) उनके पिता ने

(III) बसुरिया बाबा ने (IV) उनकी माँ ने

**(ख) सोनपुर का मेला कब लगता था?**

(I) कार्तिक पूर्णिमा को (II) कार्तिक अमावस्या को

(III) सावन के महीने में (IV) दीपावली से पूर्व

**(ग) क्रांति से संबंधित सभी गुप्त योजनाएँ कुँवर सिंह कहाँ बनाया करते थे?**

(I) अपने घर से दूर (II) सोनपुर के पशु मेले में

(III) दूर जंगलों में (IV) बड़ी-बड़ी सभाओं में

**सोपान- II अति लघु प्रश्न**

(घ) सन 1845 से 1846 तक का समय स्वतंत्रता हेतु क्यों विशेष माना जाता है?

(ङ) सोनपुर के पशु मेले का महत्त्व क्यों था?

**प्रश्न 12. निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **1x5=5**

"कहि रहिम संपति सगे, बनत बहुत बहु रीत
बिपति कसौटी जे कसे, तेई साँचे मीत।"

**सोपान -I बहुविकल्पीय प्रश्न**

**(क) संपत्ति आने पर क्या होता है?**

(I) संबंधी घर पर आने लगते हैं।

(II) अधिक लोगों से जान-पहचान होती है।

(III) लोग रिश्ते नाते बनाने के अनेक ढंग निकाल लेते हैं।

(IV) लोग ईर्ष्या करने लगते हैं।

**(ख) रिश्ते नाते कब तक साथ देते हैं**?

(I) जब तक हमारे पास अधिक धन-दौलत होता है।

(II) जब हम बलशाली होते हैं।

(III) जब हमारा स्वभाव हँसमुख होता है।

(IV) जब हम विदेश गमन की सोचते हैं।

**(ग) सच्चे मित्र को कब परखा जा सकता है?**

(I) समारोह में

(II) विपत्ति आने पर

(III) सबके समक्ष

(IV) हर पल

**सोपान- II अति लघु प्रश्न**

(घ) हमें कैसे मित्रों से सावधान रहना चाहिए?

(ङ) मित्र का चुनाव सोच-समझकर करना चाहिए, सदा ऐसा मित्र बनाना चाहिए जो-

**प्रश्न 13. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित छह प्रश्नों में से किन्हीं <u>पाँच</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-35 शब्दों में लिखिए।** **2x5=10**

(क) नीलकंठ का कौन-सा स्वभाव लेखिका को अच्छा लगता था?

(ख) कुब्जा के सिवाय सभी पशु-पक्षी एक-दूसरे के मित्र थे। क्यों?

(ग) नीलकंठ का सुखमय जीवन करुण कथा में कैसे बदल गया?

(घ) कुँवर सिंह ने अपना बायाँ हाथ गंगा मैया को समर्पित क्यों किया?

(ङ) वीर कुँवर सिंह के व्यक्तित्व की कौन-कौन-सी विशेषताएँ उनकी कहानी से उभरकर सामने आती हैं? उनमें से किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख करें।

(च) वीर कुँवर सिंह सांप्रदायिक सद्भाव में विश्वास रखते थे। कैसे? स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न 14. पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित छह प्रश्नों में से किन्हीं <u>पाँच</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए।** **2x5=10**

**(क) "तरुवर फल नहिं खात है, सरवर पियहि न पान। कहि रहीम पर काज हित , संपति सँचहि सुजान"** निम्न पक्तियों के अर्थ लिखिए।

(ख) रहीम ने क्वार के बादलों की तुलना किससे और क्यों की है?

(ग) 'रहीम दास' जी की दोहों से प्राप्त कोई भी तीन शिक्षाएँ लिखिए।

(घ) 'भोर और बरखा' कविता के अनुसार ब्रज की सुबह का वर्णन कीजिए ।

(ङ) मीरा किसे और क्यों जगाना चाहती हैं?

(च) 'भोर और बरखा' पाठ के दूसरे पद में वर्षा ऋतु का अत्यंत सुंदर वर्णन किया है। इस वर्णन को अपने शब्दों में लिखिए।

**(<u>बाल महाभारत कथा)</u>**

**प्रश्न 15. निम्नलिखित छह प्रश्नों में से किन्हीं <u>पाँच</u> प्रश्नों के उत्तर 30 - 35 शब्दों में लिखिए। 2x5=10**

(क) दुर्योधन युधिष्ठिर को जीवित क्यों पकड़ना चाहता था?

(ख) युधिष्ठिर को बंदी बनाने के लिए द्रोणाचार्य ने क्या उपाय किए?

(ग) चक्रव्यूह में अभिमन्यु को वीरता से नहीं, बल्कि अन्यायपूर्वक मारा गया। चक्रव्यूह में हुए युद्ध के आलोक में स्पष्ट कीजिए।

(घ) अश्वत्थामा ने पांडवों को कैसे मारा?

(ङ) धृतराष्ट्र के क्रोध से भीम की रक्षा किस प्रकार हुई?

(च) श्रीकृष्ण के देहावसान के बाद पांडवों ने क्या किया?

**(<u>खंड-घ)</u> रचनात्मक लेखन**

**प्रश्न 16. आपके स्कूल में सरस्वती पूजा का आयोजन स्कूल की कक्षा में किया जाता है। लेकिन इस बार आप लोग सरस्वती पूजा सभागार (हॉल रूम) में करना चाहते हैं अत: सभागार में पूजा करने के लिए अनुमति माँगते हुए प्रधानाचार्या को <u>पत्र</u> लिखिए। 5x1=5**

**अथवा**

**'सोशल मीडिया का प्रभाव: सकारात्मक या नकारात्मक'**-बताते हुए छात्रावास में रह रहे छोटे भाई को **<u>पत्र</u>** लिखिए। (प्रारूप-1.5, विषयवस्तु-2, भाषा-1.5)

**प्रश्न 17. परीक्षा से पहले दो मित्रों के बीच क्या <u>संवाद</u> हो सकता है? सोचकर लिखिए। 5x1=5**

(पात्र/संवाद का चयन-1.5, विषयवस्तु-2, भाषा-1.5)

**अथवा**

**"ऑनलाइन खरीदारी बनाम स्थानीय बाजार" -**दिए गए विषय पर 100 -110 शब्दों में **अनुच्छेद** लिखिए। (भूमिका-1, विषयवस्तु-3, भाषा-1)